# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 350 / 2023 दिनांकः—20 जनवरी, 2023

**सेवा में,**

**प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,**
**समस्त** महाविद्यालय,
**संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य** विश्वविद्यालय,
**अलीगढ।**

**विषयः—जी—20 सम्मेलन मे सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक उ0प्र0 शासन के पत्र सं0—102 / सत्तर—3—2023 दिनांक 12 जनवरी, 2023 (प्रति संलग्न) करते हुए विश्वविद्यालय के पत्र सं0— आर0एम0पी0यू0 / 239 / 2023 दिनांक 12 जनवरी, 2023 के माध्यम से जी—20 सम्मेलन के सम्बन्ध में महाविद्यालय स्तर पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।

प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन से प्राप्त पत्र सं0—152 / सत्तर—3—2023 दिनांक 18 जनवरी, 2023 (प्रति संलग्न) कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि संलग्न कार्य योजना अनुसार महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः—यथोपरि।

**भवदीय,**

20/01/23

**(महेश कुमार)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—**

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—3 उ0प्र0 शासन, लखन ऊ।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़।
4. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. सम्पादक समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक जागरण पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाईल।

सहायक कुलसचिव

**संख्या–152/सत्तर–3–2022**

**प्रेषक,**

**डा0 सुधीर एम0 बोबडे,**
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,** उत्तर प्रदेश।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊ : दिनांक 18 जनवरी, 2023**

**विषयः– जी–20 सम्मेलन के प्रचार–प्रसार के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत द्वारा दिनांक 01–12–2022 से दिनांक 30–11–2023 के मध्य जी–20 सम्मेलन की मेजबानी की जा रही है। तत्क्रम में प्रदेश के 04 जनपदों–लखनऊ, आगरा, वाराणसी एवं ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) में जी–20 बैठकों का आयोजन प्रस्तावित है।

2– जी–20 सम्मेलन की प्रदेश की उक्त जनपदों में होने वाली बैठकों के दौरान प्रदेश के विकास, बुनियादी ढ़ांचे, संस्कृति और विरासत का व्यापक प्रचार–प्रसार किये जाने हेतु कार्ययोजना आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

3– प्रदेश में आयोजित होने वाली जी–20 सम्मेलन की बैठकों के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं तथा शिक्षकों में जागरूकता/सजगता कराने हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में दिनांक 24–01–2023 को प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षकों का एक प्रशिक्षण–सिम्पोजियम का आयोजन किया जायेगा।

4– प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा जी–20 सम्मेलन के प्रदेश में प्रचार–प्रसार हेतु विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं (100 से 150) का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा तथा प्रशिक्षण के उपरान्त इन छात्र–छात्राओं को प्रदेश के अन्य शहरों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में भेजकर जी–20 सम्मेलन की थीम पर आधारित वाद–विवाद प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन, पेन्टिंग प्रतिस्पर्धा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य–गायन प्रतियोगिता, हस्तशिल्प मेला, जी–20 के फूड फेस्टिवल आदि कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे।

5– कृपया संलग्न कार्ययोजना के अनुसार जी–20 लोगो, थीम एवं रंग का प्रयोग करते हुये विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाय तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं को मेरिट के आधार पर (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) पुरस्कृत भी किया जाय।

**संलग्नक–यथोपरि।**

भवदीय,
18.1.23

**( डा0 सुधीर एम0 बोबडे )**
प्रमुख सचिव।

**संख्या–152 (1)/सत्तर–3–2023–तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
(2) समस्त, मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
(3) अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ।

आज्ञा से,

**( सर्वेश कुमार सिंह )**
संयुक्त सचिव।

## जी–20 सम्मेलन के प्रचार–प्रसार के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना–

<table>
<tr><th>क्र0</th><th>कार्यक्रम की तिथि</th><th>आयोजित किया जाने वाला कार्यक्रम</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>24.01.2023</td><td>लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के चिह्नित शिक्षकों को जी–20 सम्मेलन के कार्यक्रमों के परिप्रेक्ष्य में जनपदों में कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के लिये प्रशिक्षण हेतु सिम्पोजियम का आयोजन।<br><br>प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा जी–20 सम्मेलन की बैठकों के लिये प्रदेश में चिह्नित निम्नलिखित स्थलों/जनपदों की शिक्षण संस्थाओं में निम्नांकित तिथिवार कार्यक्रमों का आयोजन कराया जायेगा :–
<table>
<tr><th>क्र0</th><th>स्थान</th><th>शिक्षण संस्थाओं के नाम</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>नोएडा</td><td>1. चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ<br>2. गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, गौतमबुद्धनगर<br>3. एमिटी विश्वविद्यालय, गौतमबुद्धनगर<br>4. गलगोटिया विश्वविद्यालय, गौतमबुद्धनगर<br>5. आई0एम0एस0 इंस्टीट्यूट, गौतमबुद्धनगर<br>6. कुमारी मायावती महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर, गौतमबुद्धनगर<br>7. मेरठ कालेज, मेरठ<br>8. माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर<br>9. ग्लोकल विश्वविद्यालय, सहारनपुर</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>आगरा</td><td>1. डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा<br>2. दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आगरा (डीम्ड विश्वविद्यालय)<br>3. आगरा कालेज, आगरा<br>4. वार्ष्णेय कालेज, अलीगढ़<br>5. टीकाराम कालेज, अलीगढ़<br>6. सेन्टजॉन कालेज, आगरा<br>7. आर0बी0एस0 कालेज, आगरा<br>8. बी0एस0ए0 कालेज, मथुरा<br>9. जी0एल0ए0 विश्वविद्यालय, मथुरा</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>लखनऊ</td><td>1. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ<br>2. छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर<br>3. डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,</td></tr>
</table>
</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td rowspan="2"></td><td rowspan="2"></td><td></td><td></td><td>4. महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली<br>5. बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ<br>6. आई0टी0 कालेज, लखनऊ<br>7. जय नारायण मिश्र पी0जी0 कालेज, लखनऊ<br>8. साकेत महाविद्यालय, अयोध्या</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>वाराणसी</td><td>1. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी<br>2. महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी<br>3. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी<br>4. दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर<br>5. काशी नरेश पी0जी0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भदोही<br>6. वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर<br>7. जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>27.01.2023</td><td colspan="3">वाद–विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन।</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>28.01.2023</td><td colspan="3">समावेशी विकास, भारतीय विकास संरचना एवं वैश्विक विकास, आत्म निर्भर भारत अभियान पर सिम्पोजियम एवं गोष्ठी का आयोजन।</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>29.01.2023</td><td colspan="3">खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन।</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>30.01.2023</td><td colspan="3">इवेन्ट/क्विज/निबन्ध/पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन।</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>31.01.2023</td><td colspan="3">पुस्तक मेला, क्राफ्ट मेला का आयोजन। युवा चित्रकारों के चित्रों की प्रदर्शनी।</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>01.02.2023</td><td colspan="3">योग कैम्प का आयोजन।</td></tr>
<tr><td>8.</td><td>02.02.2023</td><td colspan="3">सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गायन एवं वादन प्रतियोगिताओं का आयोजन।</td></tr>
<tr><td>9.</td><td>03.02.2023</td><td colspan="3">डेमोक्रेसी एवं सतत विकास विषय पर सेमिनार एवं सेम्पोजियम का आयोजन।</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>04.02.2023</td><td colspan="3">भारतीय संस्कृति की विभिन्न विधाओं पर सेमिनार एवं सेम्पोजियम का आयोजन।</td></tr>
</table>